
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 44 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 12 मई 2020

विचार-प्रवाह...नेतृत्व की बेरुखी





मौसम अधिकतम 36.0° न्यूनतम 22.0°

31561.22

2 डब्ल्यूएचओ ने जारी की फूड सेफ्टी टिप्स

7 बाकी करते हैं डिफेंड, विराट स्लेजिंग करते हैं

## संक्षिप्त समाचार

### मनमोहन सिंह की हालत स्थिर, दवा से हुआ था रिऐक्शनः एम्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह फिलहाल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती हैं। सोमवार सुबह एम्स हॉस्पिटल ने उनसे जुड़ा हेल्थ अपडेट दिया। बताया गया कि मनमोहन सिंह की हालत फिलहाल स्थिर है। फिलहाल उन्हें डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया है। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को बेचैनी महसूस होने के बाद रविवार रात एम्स में भर्ती कराया गया था। 87 वर्षीय मनमोहन सिंह को एम्स के कार्डियो-थोरैसिस वार्ड में निगरानी में रखा गया है।

### नहीं थम रही कोविड-19 की रफ्तार, देश में 67 हजार के पार मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना मरीजों की संख्या लॉकडाउन 3.0 के बाद भी तेजी से बढ़ती जा रही है। सरकारी आंकड़े के अनुसार, 67,157 मरीज सामने आ चुके हैं। 20,917 मरीज ठीक हो चुके हैं जबकि इस जानलेवा बीमारी के कारण 2,206 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। महाराष्ट्र, गुजरात और राजधानी दिल्ली देश में कोरोना का हॉट स्पॉट बना हुआ है। दक्षिण में तमिलनाडु में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### जम्मू-कश्मीर में 4जी सेवा बहाली से सुको का इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में 4 जी सेवा बहाली मामले से सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इनकार करते हुए विभिन्न याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाए गए विवादों पर गौर करने के लिए एक उच्चाधिकार समिति के गठन का भी आदेश दिया। इस समिति का नेतृत्व गृह मंत्रालय के सचिव करेंगे। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस एनवी रमना ने कहा कि नेशनल सिक्योरिटी व ह्यूमन राइट्स के बीच संतुलन कोर्ट द्वारा सुनिश्चित करना होगा। कोर्ट द्वारा गठित किए गए समिति में राज्य प्रशासन के मुख्य सचिव व कम्युनिकेशंस सचिव भी होंगे।

# लॉकडाउन पर सीएम संग मोदी की बैठक

कोविड के साथ-साथ इकॉनमी की भी चिंता

## बैठक में देशव्यापी लॉकडाउन को हटाने के एग्जिट प्लान पर चर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। क्या कोरोना वायरस की वजह से लागू हुआ लॉकडाउन अभी और आगे बढ़ेगा? क्या कंटेनमेंट जोन को छोड़कर बाकी जगहों से बंदिशें हटा ली जाएंगी? लॉकडाउन से निकलने का प्लान यानी एग्जिट प्लान क्या हो? ऐसे ही सवालों पर चर्चा के लिए पीएम नरेंद्र मोदी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से 5वीं बार मुखातिब हुए हैं। खबर लिखे जाने तकयह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रही है।

प्रधानमंत्री ने कोविड-19 कंटेनमेंट स्ट्रैटिजी को और मजबूत करने और आर्थिक गतिविधियों को तेज करने के तरीकों की चर्चा की।



गृह मंत्री अमित शाह मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा कर रहे हैं। वह एक-एक कर मुख्यमंत्रियों की बातें सुन रहे हैं, उनसे सुझाव ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुख्यमंत्रियों के साथ यह बैठक 2 चरणों में है। एक ब्रेक के बाद शाम 6 बजे से दूसरा चरण शुरू होगा। जाहिर है, यह मंथन लंबा चलेगा यानी 3-4 घंटे तक मैराथन बैठक हो सकती है।

**वैकल्पिक रणनीति पर भी चर्चा**

अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने, कोरोना को काबू में करने, धीरे-धीरे सहूलियत देने संबंधी कई मुद्दों पर गहन चर्चा के लिए यह मीटिंग कई घंटों तक चल सकती है। इस मीटिंग के बाद यह तकरीबन तय हो जाएगा कि लॉकडाउन बढ़ेगा या नहीं? अगर बढ़ेगा तो किस रूप में बढ़ेगा और नहीं बढ़ेगा तो वैकल्पिक रणनीति क्या होगी।

**हॉटस्पॉट्स में छूट की संभावना कमः** एक दिन पहले रविवार को केंद्र ने राज्यों से कहा था कि कंटेनमेंट जोन्स का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। इससे अंदाजा लग रहा है कि अगर देशव्यापी लॉकडाउन हटाया भी गया तो कंटेनमेंट जोन्स में शायद ही कोई छूट मिले।

### ट्रेन सर्विस बहाल करने पर ममता को आपत्तिः सूत्र

सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्रेन सर्विस को बहाल किए जाने का विरोध किया है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि ममता ने स्पेशल ट्रेनों को चलाए जाने पर ऐतराज जताया है। बहुत मुमकिन है कि पीएम के साथ मीटिंग में भी यह मुद्दा उठे।

### कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों का आंकड़ा बढ़ाः लव अग्रवाल

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेस कर कई अहम मुद्दों पर लोगों को जानकारी दी। सोमवार की प्रेस ब्रीफिंग में दो वीडियो भी दिखाए। इस वीडियो में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता एक अपील के साथ हाजिर होते हैं। इसके अलावा गृह मंत्रालय ने ट्रेन सेवा के बारे में जानकारी दी। स्वास्थ्य सचिव लव अग्रवाल ने एक अच्छी खबर दी। उन्होंने कहा कि अब मरीज ठीक भी तेजी से हो रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि वंदे भारत मिशन के तहत लगभग 4000 भारतीयों को 23 उड़ानों से वापस लाया गया है। 468 विशेष ट्रेनों द्वारा 5 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिकों को उनके गृह राज्यों में भेजा गया है।



### जाम है तो 'जहान' है

**संवाददाता** देहरादून। मदिरा की दुकानों के लॉकडाउन के बाद खुलने से भारी संख्या में भीड़ होने से सामाजिक दूरी की भी सरेआम धज्जियां उडाई जा रही है। लॉकडाउन के तीसरे चरण के साथ जैसे ही शराब की दुकानें खुलीं, वहां पीने वाले टूट पड़े। कई जगहों पर एक-दो किलोमीटर लंबी लाइनें देखी गईं। लोग चिलचिलाती धूप से लेकर बारिश और ओलो के बीच भी डटे रहे। पुलिस लोगों को सामाजिक दूरी बनाने का आदेश देती हुई नजर आई। देश के ज्यादातर राज्यों ने कुछ शर्तों के बाद ठेकों को फिर से खोलने की अनुमति दे दी है।

### एमएलसी चुनाव के लिए ठाकरे ने किया नामांकन

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की कुर्सी पर संकट का समापन अब लगभग तय है। सोमवार को ठाकरे ने महाराष्ट्र विधानपरिषद की सदस्यता की उम्मीदवारी के लिए नामांकन कर दिया। इसके बाद उनका निर्विरोध एमएलसी निर्वाचित होना तय है। कांग्रेस के एक प्रत्याशी का नाम वापस लेने के बाद एमएलसी के लिए नामांकन करने वाले ठाकरे समेत सभी 9 प्रत्याशियों के निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। नए समीकरण के हिसाब से राज्य में विधान परिषद की नौ सीट के लिए बीजेपी ने चार उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं जबकि शिवसेना और एनसीपी के दो-दो और कांग्रेस का एक उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बालासाहेब थोराट ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस समिति ने अपने दो उम्मीदवारों में से एक राज किशोर मोदी को राज्य विधान परिषद के चुनाव में नहीं उतारने का फैसला किया है। ऐसे में अब महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे निर्विरोध एमएलसी बनने वाले हैं।

## स्पेशल ट्रेन में राजधानी ट्रेन जितना किराया लगेगा

■वेटिंग और आरएसी नहीं, कंबल-चादर घर से लाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय कल से जिन स्पेशल ट्रेनों को चलाएगा उसमें राजधानी एक्सप्रेस के बराबर किराया लगेगा। इसमें लोग अधिकतम 7 दिन तक का अडवांस टिकट कटा सकेंगे। इसमें सिर्फ कंफर्म टिकट वालों को ही चढ़ने की अनुमति होगी इसलिए कोई भी वेटिंग या आरएसी टिकट जारी नहीं होगा। सभी स्पेशल ट्रेनों के लिए शत-प्रतिशत टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट से है कटाये जा सकेंगे।

रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम 4:00 बजे से जिन ट्रेनों की बुकिंग शुरू हो रही है उन ट्रेनों में सभी श्रेणी में राजधानी एक्सप्रेस में वसूले जा रहे हैं सभी श्रेणी के किराए के बराबर किराया वसूल किया जाएगा। हालांकि राजधानी में किराए के साथ ही खाने-पीने का चार्ज भी लिया जाता है लेकिन इस ट्रेन में किराए में खाने पीने की कीमत शामिल नहीं होगी।

ट्रेन में आईआरसीटीसी सीमित कैटरिंग सेवा उपलब्ध कराएगी, जिसके बदले में यात्री को तुरंत ट्रेन पर ही भुगतान करना होगा। रेलवे ने कहा है कि इन ट्रेनों में ट्रेन चलने से कम से कम 24 घंटे पहले टिकट रद्द कराया जा सकता है लेकिन टिकट रद्द कराने पर यात्रियों का 50 फीसदी पैसा काट लिया जाएगा।

## लॉकडाउन में थोड़ी और ढील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस लॉकडाउन अभी और आगे बढ़ेगा या नहीं इसपर सस्पेंस बना हुआ है। इस बीच केंद्र सरकार ने लॉकडाउन में थोड़ी और ढील दी है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने सोमवार को मजदूरों के पलायन पर राज्यों को पत्र लिखा। इसके साथ ही मेडिकल सेवाओं में लगे लोगों को बिना रोक-टोक आनेजाने देने का निर्देश दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि सभी राज्य श्रमिक स्पेशल ट्रेन से लौट रहे मजदूरों को भेजने और बुलाने में मदद करें।

### बिना रोक-टोक जाएं मेडिकल स्टाफ के लोग

अजय भल्ला ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कहा कि वे मेडिकल कर्मी, डॉक्टर, सैनिटाइजेशन कर्मी, ऐम्बुलेंस आदि को बिना रोकटोक जाने दें। गृह मंत्रालय ने चिकित्सकों, मेडिकल स्टाफ की आवाजाही पर कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की तरफ से लगाई गई पाबंदियों पर आपत्ति जताई, कहा वे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in